भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 204
जिसका उत्तर 21 जुलाई, 2015 को दिया जाना है

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना

204. श्री के. परसुरमन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार तमिलनाडु सहित देश में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने तथा ऑटोमोटिव परीक्षण हेतु उत्कृष्टता केन्द्रों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) और (ख): जी, हां। मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसार, भारत सरकार ने ऑटोमोबाइल अनुसंधान और परीक्षण के चुनिदा क्षेत्रों में उत्कृष्टता केन्द्र सहित देश में उन्नत परीक्षण, वैधीकरण तथा अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना सृजित करने के लिए सबसे बड़ी और अत्यधिक महत्वपूर्ण परियोजना राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण तथा अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना परियोजना (नेट्रिप), स्थापित की है।

नेट्रिप के अंतर्गत, निम्नलिखित उत्कृष्टता केन्द्रों को विकसित करने की योजना है:-

1. पावर ट्रेन संबंधी उत्कृष्टता केन्द्र, एआरएआई, पुणे।
2. फटीग सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, एआरएआई, पुणे।
3. सामग्री सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, एआरएआई, पुणे।
4. इलेक्ट्रो-मैगनेटिक कम्पेटीबिलिटी सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, जीएआरसी, चेन्नई।
5. निश्चेष्ट सुरक्षा सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, जीएआरसी, चेन्नई।
6. इन्फोट्रानिक्स सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, जीएआरसी, चेन्नई।
7. नॉइज वाइब्रेशन व हार्शनेस सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, आईसीएटी, मानेसर।
8. संघटक विकास सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, आईसीएटी, मानेसर।
9. व्हीकल डायनामिक्स सम्बन्धी उत्कृष्टता केन्द्र, नेट्रेक्स, इन्दौर।

इनमें से चेन्नई, तमिलनाडु राज्य में तीन उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं।

******